दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 323 | छतरपुर, सोमवार 24 जून 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# प्रेमिका की संदेहप्रद मौत खुद फांसी पर झूला युवक, पुलिस कर रही मामले की जांच

*लवकुशनगर। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरा का मामला है जहां पुलिस को गांव के ही बल्लू कुशवाहा द्वारा सूचना दी गई कि गांव के ही व्यक्ति अतुल तिवारी 36 वर्ष लगभग ने अपने ही खेत में नीम के पड़े से फांसी लगा ली है। जिसको लेकर लवकुश नगर पुलिस और पठा चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और बारीकी से जांच शुरू कर दी जिसमें मृतक अतुल तिवारी की जेब से एक सुसाइड नोट मिला जिसमे लिखा था की लल्ला बाई पति मल्लू बेड़ियां उम्र लगभग 46 वर्ष निवासी ग्राम दिदवारा अपने पति से लड़ झगड़ कर मेरे घर आई थी। और मुझ से बोली या तो उससे बोलो की जमीन नाम करा नही तो उसी के पास चली जाओ जिसके चलते में तुम्हारे पास आई हू तुम दारू लाओ तो मैं शराब लेने चला गया और जब लौटा तो देखा की लल्ला बाई ने मेरे ही मकान के बरामदे में पंखा से फांसी लगा ली जिसको लेकर में परेशान हो गया और देखा की जिंदा है तो मैने उतारा तो वह मर चुकी थी। जिसको मैंने घसीट कर अपनी अटारी में रख दिया, मेरा दिमाग़ काम नहीं कर रहा था जिसको लेकर में दिन भर यहां वहां घूमता रहा और मेरे कुछ समझ में नहीं आ रहा था। फिर मैने सोचा की मेरे अब जीना ही बेकार है और मैने फांसी लगा ली।*





तो वही सूत्रों की माने तो मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। जिसको लेकर महिला ने मृतक अतुल तिवारी के घर में फांसी लगा ली थी जिसको लेकर अतुल तिवारी घबरा गया और लाश छिपाने का प्रयास करने लगा जब उसे दो दिन तक कुछ समझ नहीं आया तो उसने खुद आत्म हत्या कर ली। मामले की सूचना मिलते ही पठा चौकी प्रभारी संजय पांडे एवं लवकुशनगर थाना प्रभारी प्रशांत सेन मौके पर पहुंचे दोनों अलग अलग शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी और शव का पीएम करवाया।

***इनका कहना है***

मृतक की पास से सुसाइडनोट मिला था। जिसमें महिला ने मृतक अतुल तिवारी के घर में फांसी लगाई थी जिसको लेकर वह घबरा गया, और जब वह घर लौटा तो उसने देखा की उसके घर में लल्ला बाई बेड़ियां ने फांसी लगा ली है जिसको लेकर वह भयभीत हो गया एवं लाश को छुपाने का प्रयास करने लगा। जिसके चलते उसने भी फांसी लगा ली। प्रथम दृश्य मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है।

***नवीन दुबे एसडीओपी***
***लवकुशनगर***

# संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ छतरपुर जिले में भी पल्स पोलियो अभियान शुरू

## राज्यमंत्री ने बच्चों को पिलाई दो बूंद पोलियो की दवा

छतरपुर। संपूर्ण प्रदेश की भांति छतरपुर जिले में भी रविवार से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई। छतरपुर शहर के छत्रसाल चौराहे पर बनाए गए बूथ पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई। साथ ही पल्स पोलियो अभियान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अपील को पढ़ा। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित नहीं रहे। 23 जून को बूथ पर बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। सभी लोग अपने बच्चों को दवा पिलाएं।




जिला टीकाकरण अधिकारी मुकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि 25 जून तक जिले में पल्स पोलियो अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा, जिसके तहत 0 से 5 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को सूचीबद्ध कर पोलियो ड्रॉप पिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले दिन जिले में बनाए गए 2200 से अधिक बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई है। दूसरे दिन यानि की आज टीमें घर पहुंचेंगी और अभियान के तीसरे दिन ऐसे बच्चों को दवा पिलाई जाएगी जो किसी कारणवश पहले और दूसरे दिन दवा का सेवन नहीं कर पाएंगे। श्री प्रजापति ने बताया कि इस वर्ष जिले के 3 लाख 5 हजार 464 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें 80 से 90 फीसदी बच्चों को अभियान के पहले दिन ही पोलियो की दवा पिलाई गई है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे, सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मुकेश प्रजापति, डीपीएम राजेंद्र खरे उपस्थित रहे।

# सिविल लाइन थाना पुलिस ने अवैध गांजा एवं छुरा सहित युवक को पकड़ा

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे एवं पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर मौराहा रोड पहुंची, संदेही को घेराबंदी कर रोका गया। संदेही हल्के उर्फ गजाधर यादव निवासी पीताम्बरा मंदिर के पास सटई रोड छतरपुर के पास से स्कूटी में छुपाये अवैध मादक पदार्थ गाँजा मात्रा करीब डेढ़ सौ ग्राम से अधिक कीमत दो हजार रूपए व एक लोहे का छुरा मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा, अवैध धारदार हथियार छुरा व प्रयुक्त स्कूटी वाहन को विधिवत जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 8,20(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट 25(2) आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




थाना सिविल लाइन क्षेत्र का आदतन अपराधी हल्के ऊर्फ गजाधर यादव एक आदतन अपराधी है। इसके विरुद्ध चोरी, मारपीट, अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार सहित 32 से अधिक अपराध पूर्व से पंजीबद्ध हैं। अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में निरी. बाल्मीक चौबे, उनि. धर्मेन्द्र राजपूत, प्रआर. काजीरजीउद्दीन, आर. धर्मेन्द्र सरवैया, अजय सिंह, दिनेश मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की- पल्स पोलियो अभियान की शानदार शुरुआत

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। 23 जून 2024 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पूरे देश में बच्चों को पोलियो रोधी ड्रॉप पिलाकर %दो बूंद जिंदगी की% अभियान की धमाकेदार शुरुआत हुई। यह पल्स पोलियो रोधी अभियान 25 जून 2024 तक चलेगा, जिसमें विकासखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, आरोग्य केंद्र और आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जा रही है।



***हेमलता ठाकुर की प्रेरणादायक पहल***

महिला बाल विकास अधिकारी हेमलता ठाकुर ने इस अभियान का निरीक्षण किया और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए 100 फीसदी लक्ष्य की पूर्ति के लिए उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विशेष सहयोग और समझाइश देकर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

***वार्ड नंबर 7 में घर-घर पहुंची पोलियो की दवाई***

बकस्वाहा परियोजना के तहत वार्ड नंबर 7 में कार्यकर्ता सुनीता जैन और सहायिका सविता जैन ने घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई। उन्होंने 0 से 5 साल के बच्चों के माता-पिता को पोलियो की दवाई के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें पोलियो बूथ तक ले जाने में सहायता की।

***जागरूकता और सहभागिता की मिसाल***

कुछ माता-पिता जो पोलियो के महत्व से अनभिज्ञ थे, उन्हें भी सुनीता जैन और सविता जैन ने विशेष चर्चा के दौरान समझाया। उनके अथक प्रयासों ने इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

***विशेष भूमिका में सुनीता और सविता***

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता जैन और सहायिका सविता जैन की कड़ी मेहनत और समर्पण ने इस अभियान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके प्रयासों से पूरे वार्ड में पोलियो रोधी दवाई का वितरण सुनिश्चित हुआ और यह अभियान सफल रहा।

# रिश्वतखोर बाबू के बयानों के बाद अब बीएसए से होगी पूछताछ

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार बीएसए कार्यालय के बाबू ब्रजराज सिंह के बयानों के आधार पर बीएसए को सह अभियुक्त बनाने के बाद अब एंटी करप्शन टीम उनसे पूछताछ की तैयारी कर रही है। जल्द बीएसए को पूछताछ के लिए पुलिस बुलाएगी। इधर, मामले की रिपोर्ट डीएम ने शासन को भेज दी है। रिफाइनरी थाने में दर्ज मुकदमे की विवेचना आगरा एंटी करप्शन को ट्रांसफर कर दी है।



बीती 19 जून को आगरा एंटी करप्शन की टीम ने 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते बीएसए कार्यालय के बाबू ब्रजराज सिंह को स्टेट बैंक चौराहा से गिरफ्तार किया था। बाबू के बयानों के बाद बीएसए सुनील दत्त की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ब्रजराज सिंह ने बयान दिया है कि उसने बीएसए के कहने पर रिश्वत मांगी थी। इसके पीछे तर्क दिया है कि वृंदावन के जूनियर हाईस्कूल में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामेश्वर सिंह की अनिवार्य सेवानिवृत्ति का नोटिस बीएसए ने जारी किया था। नोटिस का निस्तारण उन्हीं का अधिकार क्षेत्र है।

रिश्वत में से कुछ हिस्सा बीएसए द्वारा स्वेच्छा से उसे दिया जाना तय था। बाबू के बयानों के समर्थन में एंटी करप्शन की टीम साक्ष्य भी जुटा रही है। साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस इस मामले में बीएसए को घेर सकती है। इधर, बीएसए के भी बयान लिए जाएंगे। इसके बाद ही चार्जशीट तैयार होगी। अगर, बीएसए पर आरोप सही पाए जाते हैं तो शासन से अभियोजन स्वीकृति लेते हुए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। रिफाइनरी थाना प्रभारी सोनू सिंह ने बताया कि मुकदमे की विवेचना आगरा एंटी करप्शन को ट्रांसफर हो गई है।

# पंडित प्रदीप मिश्रा मामले में कौन दे रहा हवा !

## ब्रज में विरोध जारी, बरसाना में होगी महापंचायत

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा विवादों को बार बार उठाया जा रहा है काफी समय से अलग अलग संगठन इस मामले को उछाल रहे है आखिर कौन इस मामले मै हवा देने का काम कर रहा है। कई दिनों से लगातार ये मामला विवादो मै बना हुआ रहा है। क्या कोई धर्म विरोधी ताकत इस मामले को हवा देने में लगी है ये प्रश्न विचारणीय है।

राधारानी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर कथावाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ बरसाना में महापंचायत होने जा रही है। इस महापंचायत में कथावाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ रणनीति तय की जाएगी। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसमें कथावाचक प्रदीप मिश्रा राधा रानी के विवाह को लेकर आपत्तिजनक बात कहते दिख रहे हैं। इतना ही नहीं प्रदीप मिश्रा के इस अपमानजनक टिप्पणी पर प्रेमानंद महाराज ने भी नाराजगी व्यक्त की थी। इसके अलावा मथुरा के संत समाज ने भी कड़ी निंदी की थी. अब बरसाना में 24 जून को महापंचायत की तैयारी है।

बताया गया कि 24 जून को बरसाना में ब्रजमण्डल के संत, धर्माचार्य,



भागवताचार्य, धर्म योद्धा एवं ब्रजवासी प्रदीप मिश्रा के खिलाफ महापंचायत करेंगे। परिक्रमा मार्ग, गोपाल खार स्थित श्रीमद् भागवत मंदिरम में डॉ. स्वामी आदित्यानंद महाराज की अध्यक्षता में धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें वृंदावन के संतगण, धर्माचार्य, भागवताचार्य एवं धर्म योद्धा आगे की रणनीति तय करेंगे।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने बताया कि 24 जून सोमवार को रासमण्डप, गहवरवन, बरसाना में सायं 3 से 6 बजे तक महापंचायत होगी। आचार्य रमाकांत गोस्वामी ने कहा कि प्रदीप मिश्रा को ब्रजवासियों ने पश्चाताप करने के लिए बहुत समय दिया अंततः वह अपने अहंकार में चूर होकर राधा रानी के साथ बृजवासियों का अपमान करते रहे। अब उन्हें इसका दंड भुगतना ही पड़ेगा। महंत फूलडोल बिहारी दास महाराज ने कहा कि जिस प्रकार प्रदीप मिश्रा द्वारा हमारी आराध्या राधारानी जी पर अमर्यादित टिप्पणी की गई और उसके बाद भी अपनी भूल को ना मानते हुए लगातार सनातन धर्म का अपमान किया गया। इसी को लेकर संत समाज ने उन्हें सबक सिखाने की ठान ली है। इस मामले मै पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा सोशल मीडिया पर कई बार अपनी सफाई दी है किंतु कुछ लोग अपनी प्रतिष्ठा की लड़ाई मान इस मामले को बार बार हवा दे रहे है। जो सनातन धर्म के लिए बहुत हानिकारक हो सकती है।

# पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विधायक अरविंद पटेरिया ने किया पौधारोपण

**तुलसीदास सोनी**

खजुराहो। पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आज खजुराहो के चिल्ड्रन पार्क में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया के द्वारा पौधारोपण किया गया, इस अवसर पर खजुराहो नगर परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी,खजुराहो मंडल के अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, शैलेंद्र सिंह यादव, प्रहलाद अवस्थी, कपिल सोनी, गौरव अग्रवाल, सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे, विधायक अरविंद पटेरिया के द्वारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बमीठा, पत्थरगंवा, खजुराहो, राजनगर एवं लवकुश नगर में पौधारोपित किए गए हैं ।



# मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा शांतिपर्वूक सम्पन्न

छतरपुर। म.प्र. लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 रविवार को जिले में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। कलेक्टर संदीप जी आर ने परीक्षा के मद्देनजर जिला मुख्यालय पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को नियुक्त किया था, जिनकी देखरेख में छतरपुर शहर के 7 परीक्षा केन्द्रों पर ओएमआर पद्धति से दो पालियों में परीक्षा कराई गई। प्रथम पाली प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02:15 से सायं 04:15 बजे तक चली। परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी उपेन्द्र रावत, साक्षी, अभिषेक मिश्रा, आकांक्षा उपाध्याय आदि ने बताया कि पेपर यूपीएससी के पैटर्न पर आया था, जिसे हल करने में उन्हें अधिक कठिनाई नहीं हुई। आकांक्षा ने बताया कि फर्स्ट पेपर जनरल स्टडीज का रहा, जिसमें जीके और एमपीजीके से संबंधित सवाल थे। वहीं सेकेण्ड पेपर में मैथ्स, हिंदी और इंग्लिश के सवाल रहे। ज्यादातर अभ्यर्थियों ने परीक्षा अच्छे ढंग से संपन्न होने की बात कही। किसी भी केन्द्र से समस्या अथवा उपद्रव जैसी जानकारी नहीं आई। सभी केन्द्रों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था भी चौकस रही, जिसके चलते अभ्यर्थी शांतिपूर्ण ढंग से पेपर हल कर सके। म.प्र. लोक सेवा आयोग के निर्देशानुसार महिला बाल विकास कार्यालय में परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के निदान के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया था।

# एसडीएम ने दो बूंद जिंदगी की दवा पिलाकर अभियान को दिखाई हरी झंडी



**राकेश सिंह**

लवकुशनगर। भारत सरकार द्वारा रविवार 23/06/2024 को पल्स पोलियो की दवा शून्य से लेकर 5 वर्ष के बालक व बालिकाओं को पिलाई जा रही है आज 33 हजार बच्चों को यह दवा पिलाई जायेगी शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी लवकुश नगर में 259 बूथ बनाए गए हैं जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के 518 कर्मचारियों को इस मुहिम के लिए लगाया गया है जिसमें 34 सुपरवाइजर भी इस मुहिम का हिस्सा बनेंगे चार ट्रेनिंग रूम 8 सी टाइप भूत बनाए गए हैं जिसमें 90त्र पोलियो की जगह बच्चों को पिलाई जाएगी लवकुशनगर एसडीएम देवेंद्र चौधरी में सभी से निवेदन किया है कि आप अपने बच्चों को पोलियो बूथ पर लाये व पोलियो की दवा पिलाए दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार। इस मौके पर लवकुश नगर बीएमओएसपी शाक्यवाय व उनकी पूरी टीम मौजूद रही।

# पल्स पोलियो अभियान में शामिल हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

### -जिला अस्पताल पहुंचकर बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा
### -सभी माता-पिता सब काम छोड़कर पहले बच्चों को पोलियों की दवा पिलाए- गोविंद सिंह राजपूत

परिहार गर्जना न्यूज। सागर दिनांक 23 जून 2024पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत रविवार से हो चुकी है इस अभियान के तहत खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई एवं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे समृद्ध और शक्तिशाली भारत की पहचान है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा विकसित समृद्ध स्वस्थ भारत की ओर लगातार प्रयास किया जा रहे हैं श्री राजपूत ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत हमारे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम में घर-घर जाकर बच्चों को यह दवाई पिलाएंगी उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी माताए बहन



0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अपने सारे जरूरी काम छोड़कर सबसे पहले बच्चों को पोलियो की दवा पिलवाए ताकि हमारे बच्चे स्वस्थ हो साथ ही अन्य लोगों को भी पोलियो की दवाई पिलाने के लिए प्रेरित करें। उन्हें कहा कि पोलियो मुक्त भारत हो चुका है लेकिन फिर भी इस तरह का एक भी बच्चा ना हो इसके लिए लगातार सरकार यह अभियान चलाती रहती है इसलिए आप सभी लोग इस अभियान का हिस्सा बने और अपने बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए पोलियो की दवाई पिलाए इस अवसर पर कलेक्टर दीपक आर्य, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉक्टर ज्योति चौहान ,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरी सिविल सर्जन डॉ आर जयंत, पार्षद रूपेश यादव,पार्षद मनोज चौरसिया, रामेश्वर नामदेव, अंकु चौरसिया, भीम यादव, सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सागर। हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सागर नगर का विशाल पथ संचलन।



सागर। स्मार्ट सिटी सागर का सबसे व्यस्ततम बाजार जहा से सबसे ज्यादा नगर निगम को किराया मिलता है वही पर निगम का उदासीन चेहरा जहा पर पानी की निकासी नही है।

## कबीर दास जी के दोहे जीवन जीने की सही राह दिखाते हैं-लता सकवार

### -कबीर दास जयंती के उपलक्ष में शहर में निकली धूमधाम से विशाल शोभायात्रा
### -मनोरमा वार्ड में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां, होनहार बच्चों का किया सम्मान

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/मनोरमा वार्ड स्थित कबीर मंदिर में शनिवार को कबीर जयंती मनाई गई। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान बच्चों ने मन मोहक प्रस्तुतियां दी। भजन कीर्तन कर अनुयायियों ने संत कबीर दास जी के आदर्श को ग्रहण करने का संकल्प लिया। इसके पूर्व समाज के लोगों ने शोभायात्रा भी निकाली।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि संत कबीर दास जी कोई एक समाज के संत नहीं थे। वह सभी समाजों के संत थे। उन्होंने समाज में व्याप्त भ्रांतियों और बुराइयों को दूर करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। लोगों में भक्ति भाव का बीज बोया। संत कबीर दास जी के दोहे जीवन जीने की सही राह दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास जी के विचार आज भी याद आते हैं। वह कहते थे कि सदैव अच्छा कर्म करें, फल की चिंता नहीं करें। मन में सदैव अच्छा विचार लाएं, जिससे आपका मनुष्य जीवन सार्थक बन सके। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री नारायण कबीर पंथी श्यामलाल पंथी पूर्व विधायक कुरवाई नपाध्यक्ष, पूर्व विधायक महेश राय, पूर्व



विधायक डॉ विनोद पंथी, सुंदर पंथी, डॉ अशोक दीवान रामदास पंथी छुटकल पंथी पवन पंथी सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

*निकली विशाल शोभा यात्रा*

संत कबीर दास जयंती के उपलक्ष में पंथी समाज ने कबीर दास जी की शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकली शोभायात्रा मनोरमा वार्ड स्थित कबीर मंदिर से प्रारंभ होकर चोपड़ा कुआं के पास होते हुए थाने के पीछे से सर्वोदय चौराहा, कॉलेज तिराहा, बड़ी बजरिया, से होते हुए मां जागेश्वरी रोड से वापस मंदिर पहुंची शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

**होनहार बच्चों का किया सम्मान**

शाम को मंच पर 10 कक्षा में 77.5त्न अंक लाने वाले वैभव पंथी स्/ह हरी राम पंथी , 76.8त्न भूमि पंथी ष्ठ/ह हरी शंकर पंथी को प्रमाण पत्र के साथ पुरुस्कार दिया गया एवं शोभा यात्रा में वीरांगना झलकारी बाई की भूमिका निभाने वाली साक्षी पंथी ष्ठ/ह दिनेश पंथी , एंजल पंथी ष्ठ/ह रिशव पंथी , रिधिमा पंथी ष्ठ/ह मानसिंह पंथी , अर्जुन पंथी ष्ठ/ह दिनेश पंथी एवं समाज के वरिष्ठ 75 वर्ष के बुजुर्ग का पगड़ी पहना कर सम्मान किया गया सम्मान समारोह कार्यक्रम में श्रीमति रूप लता पंथी, श्रीमती कल्पना दीवान, श्रीमती गीता पंथी, श्रीमती अंजू पंथी, श्रीमती कुसुम पंथी, सभी समाज महिला बाहर से आए समाज बंधु एवं समाज के बच्चे / बालिकाएं एवं महिलाओं ने ने बड़ चढ़ कर भाग लिया शोभायात्रा एवं सम्मान समारोह के उपरांत समाज द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## सागर से हुआ स्वर्ण जयंती महोत्सव का शुभारंभ

### 50 वर्ष पूर्ण किए श्री कुंदकुंद कहान दिगंबर जैन तीर्थ सुरक्षा ट्रस्ट ने

परिहार गर्जना न्यूज ।सागर - श्री कुंदकुंद कहान दिगंबर जैन तीर्थ सुरक्षा ट्रस्ट मुंबई के 50 वें स्वर्ण जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ रविवार के शुभ दिन सागर के मोती नगर स्थित पद्माकर सभा गृह में कुंदकुंद कहान दिगंबर जैन स्वाध्याय मंडल ट्रस्ट, मुमुक्षु मंडल मकरोनिया एवं तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय सागर के संयुक्त तत्वावधान में विविध अनुष्ठानों के साथ प्रारंभ हुआ।




***श्रावकाचार विधान हुआ -***

प्रात: काल की मंगल बेला पर परकोटा स्थित श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय में श्री रत्नकरण श्रावकाचार विधान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पंडितश्री सुनील जैनापुरे राजकोट एवं आत्मार्थी भजन गायक संजीव जैन उस्मानपुर दिल्ली सहित पूरे विश्व से पधारे सैंकड़ों विद्वान सहित श्रेष्ठिजनों की उपस्थित में संपन्न हुआ।

***पद्माकर सभा गृह में हुआ स्वर्ण जयंती का शुभारंभ -***

अखिलेश समैया ने बताया दोपहर की सभा में मंडल, फेडरेशन, महिला मण्डल एवं पाठशाला के बच्चों के सुंदर नृत्य नाटिका समय का सार समयसार से हुआ जिसकी सुंदर प्रस्तुति देकर कलाकारों ने सभी का मन जीत लिया वहीं सभी ने सुंदर स्वागत गीत के साथ सभी अतिथियों का अभिनंदन किया।

सभा के द्वितीय चरण में ट्रस्ट का 50 वां राष्ट्रीय अधिवेशन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान में परम संरक्षक वसंतलाल एम दोशी मुंबई के सानिध्य में किया गया जिसकी अध्यक्षता श्रीमंत धर्मेंद्र सेठ खुरई, मुख्य अतिथि गुलाबचंद सेठ सागर, सफल संचालन महिपाल ज्ञायक महामंत्री, निर्देशन पंडित विराग शास्त्री जबलपुर ने किया वहीं मंडल अध्यक्ष सुनील सराफ सहित अन्य सभी अतिथियों ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ आगंतुक विद्वानों का स्वागत किया पश्चात सभी ट्रस्टियों ने सुंदर उद्बोधन देकर ट्रस्ट की रूप रेखा से समाज को अवगत कराया। दीपक राज जैन जी ने बताया संध्या की पावन बेला पर उस्मानपुर दिल्ली पधारे आत्मार्थी युवा भजन गायक संजीव जैन ने वीतरागी देव - शास्त्र - गुरु भगवंतों की आराधना करते हुए सुंदर मंगलगान करते हुए दिगंबर महा मुनिराजों का गुणगान कर उन्हे नमन किया।

सफल एवं यादगार आयोजन के लिए पूरे देश से पधारे सैंकड़ों विद्वनों सहित हजारों साधर्मियों एवं श्रेष्ठियों ने आयोजक मंडल सागर को शुभकामनाएं दी साथ ही आयोजन को जन जन पंहुचाने के लिए सम्मानीय मीडिया का आभार व्यक्त किया।

## भगवान बीमार नहीं होते लेकिन भक्तों, श्रद्धालुओं को दिखाने के लिए लीला करते हैं, पंडित दशरथ पुरोहित

### भगवान जगन्नाथ जी हुए बीमार 15 दिन रहेंगे एकांतवास में

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/श्री हरेराम मंदिर स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और बलदाउ का शनिवार को अभिषेक, पूजन किया गया। इसके बाद भजन कीर्तन हुए और पुजारी प्रकाश चौबे ने मंदिर के पट बंद कर दिए। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ बीमार हो जाते हैं इसलिए वह अगले पन्द्रह दिनों तक एकांतवास में समय बिताते हैं। इस दौरान केवल उनके सेवकों को गर्भगृह में जाने की अनुमति होती है। स्वस्थ होने के बाद भक्तों को दर्शन देने के लिए भगवान की रथ यात्रा निकाली जाती है।

शनिवार की सुबह 11 बजे हरेराम मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान का औषधियुक्त जल से अभिषेक किया गया। पंडित दशरथ पुरोहित ने विधिविधान से मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक कराया। पूजन उपरांत श्रद्धालुओं ने भजन, कीर्तन किया। उन्होंने बताया कि केवल यही एक भगवान हैं जिनके साथ उनकी बहन रहती हैं। भगवान राम, लक्ष्मीनारायण के साथ उनकी बहन दिखाई नहीं देती। पुरोहित जी ने बताया कि एक बार उनकी बहन सुभद्रा बीमार हो गईं, तब भगवान ने उनका ज्वर अपने पर ले लिया और वह बीमार हो गए। उन्होंने कहा कि भगवान बीमार नहीं होते लेकिन भक्तों, श्रद्धालुओं को दिखाने के लिए लीला करते हैं। लीला रूप में बीमार हुए भगवान जगन्नाथ अगले पन्द्रह दिन एकांतवास में रहते हैं। श्रद्धालुओं को उनके दर्शन प्रतिबंधित होते हैं, इस बीच केवल उनके सेवक या पुजारी ही गर्भगृज में प्रवेश करते हैं। अगले पन्द्रह दिन तक नित्य वैद्य आकर उनका उपचार करेंगे व आवश्यकतानुसार वह पतली खिचड़ी का भोग लेंगे। पूजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

***स्वस्थ होने के बाद निकलेंगे नगर भ्रमण को***

पंडित प्रकाश चौबे ने बताया कि पन्द्रह दिन में स्वस्थ होने के बाद प्रभु सपरिवार नगर भ्रमण को निकलेंगे। वह श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। 07 जुलाई को उनकी रथ यात्रा निकाली जाएगी। जगह-जगह पूजन होगा। रात्रि विश्राम संकट मोचक मंदिर पर होगा। अगले दिन भगवान पुन: हरेराम मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# पत्रकार भवन को किया जाए कब्जाधारियों से मुक्त, हो सार्वजनिक-अनुराग दीक्षित

## पत्रकारों को रखा जा रहा है सुविधाओं से वंचित, नहीं मिला वर्षों से लाभ

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के पत्रकारों को पत्रकार भवन की सुविधा मिले भले ही तीन दशक से ज्यादा का समय हो गया है। सुश्री उमा भारती द्वारा पत्रकारों के हितों के लिए यह सौगात देकर राशि भी आवंटित की गई। लेकिन तीन दशक से ज्यादा समय निकल जाने के बाद भी जिले का पत्रकार इस सुविधा से वंचित है। पत्रकार भवन पर तथाकथित लोगों ने कब्जा कर रखा है। पत्रकार भवन को सार्वजनिक कर पत्रकारों के लिए सुविधाएं मुहैया कराने की आवश्यकता है। इसके लिए संघर्ष किया जाएगा। यह बात यहां जर्नलिस्ट यूनियन आफ मध्यप्रदेश जंप की बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अनुराग दीक्षित ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को चाहिए कि पत्रकार भवन को सार्वजनिक किया जाए, जिससे पत्रकारों को भवन का लाभ मिल सके। नगर के एक होटल में जंप की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रीपाल नायक ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अनुराग दीक्षित ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण के लिए पत्रकारों को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप खरे ने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष होकर पत्रकारिता करना चाहिए। जनता के भरोसे को बरकरार रखना होगा। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि जनता का भरोसा अब पत्रकारिकता पर से भी उठता जा रहा है। पत्रकारों की सुरक्षा और समस्याओं पर शासन को विचार करना होगा। इन दिनों प्रशासन, सत्ता और माफियाओं के बीच पनपते तालमेल ने एक नया संकट पैदा कर दिया है, जिससे निबटना बढ़ी चुनौती है। प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराध एक बढ़ी चुनौती है, जिससे निबटने के लिए नये कानून बनाना होंगे। आंचलिक पत्रकारिता पर बढ़ा संकट मड़राता नजर आने लगा है, जिसमें ग्रामीण इलाकों का पत्रकार खुद को असुरक्षित महसूस करने लगा है। इसी प्रकार वरिष्ठ पत्रकार विष्णु दयाल श्रीवास्तव ने कहा कि जंप सदैव पत्रकारों की लड़ाई लड़ता आ रहा है। पत्रकारों पर हुए हमलों एवं विवादों के लिए जो संघर्ष जंप ने किया है, उसके परिणाम भी आज पत्रकारों के सामने है। इन दिनों पत्रकारों में चली आ रही गुटबाजी का लाभ प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि खुलकर उठाने लगे हैं। चाटुकारिता करने वाली गोदी मीडिया ने पत्रकारिता के छवि को धूमिल करने का काम किया है। हाल ही में एक अधिकारी की बैठक ने साबित कर दिया कि इन दिनों गोदी मीडिया किस कदर मीडिया पर हावी है। निजी सुविधाओं के लिए अधिकारी पत्रकारों की गुटबाजी का खुलकर लाभ उठा रहे हैं। कतिपय पत्रकार उनके हाथों की कठपुतली बनकर इस्तमाल हो रहे हैं। जंप के जिलाध्यक्ष अभय मोर्य ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक पत्रकारों को संगठन से जोड़ा जाए। श्री मोर्य ने कहा कि सदस्यता अभियान को भी तेज किया जाए। इस अवसर पर नीरज जैन, अखंड यादव, दशरथ विश्वकर्मा सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर एक ज्ञापन पत्रकारों की समस्याओं को लेकर देने का निर्णय लिया गया। जंप प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि पत्रकार भवन की जो समस्या अनुराग जी ने उठाई है, उसके लिए जंप के सभी साथियों को मिलकर संघर्ष करना होगा।



प्रशासन को चाहिए कि भवन को जिले के पत्रकारों के लिए सार्वजनिक कराए। इस दौरान उन्होंने सारे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार श्रीपाल नायक ने कहा कि प्रशासन और पत्रकारों के बीच अब तालमेल का अभाव है। गिनती के कुछ खास लोगों को साथ लेकर अधिकारी गुटबाजी को हवा देने में लगे हैं। इस दौरान शहर की चौपट यातायात व्यवस्था, जंगल कटाई, भ्रष्टाचार और अपराध जैसे मुद्दों पर भी खुलकर बात की गई। इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई न होने पर नाराजगी जाहिर की गई। पत्रकार मेहबूब खान ने पत्रकारों की अधिमान्यता और पेंशन योजना को सरल बनाए जाने तथा पात्र पत्रकारों को लाभान्वित किए जाने की मांग की। उन्होंने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अब प्रशासन पत्रकारों से दूरी बनाने में लगा है, जिस कारण जनता के हितों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी उन तक नहीं पहुंच रही है। पूर्व में आयोजित त्रिमासिक बैठकों एवं प्रेस टूर आदि के बंद हो जाने पर भी उन्होंने चिंता जाहिर की। श्री खान ने बंद हुए कार्यक्रमों को फिर से शुरू कराने की जरूरत बताई। बताया गया है कि जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन रविवार 23 जून को मुख्यालय पर एक होटल में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप खरे उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार श्रीपाल नायक ने की गई। मंच पर वरिष्ठ पत्रकार अनुराग दीक्षित, महबूब खान, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह परमार, संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु दयाल श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अभय मोर उपस्थित रहे। बैठक में पत्रकार के हितों को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही जिले पत्रकारों की सुविधा के लिए पत्रकार भवन के लिए प्रयास तेज करने का संकल्प लिया गया।

***बैठक में यह रहे मौजूद-***

बैठक में जंप के जिला महासचिव रंजीत सिंह परिहार, उपाध्यक्ष हरीशचंद्र यादव, शेख हनीफ, नीरज जैन, गंधर्व सिंह, सचिव समीर खान, कार्य समिति सदस्य रामेश्वर यादव, राजीव नामदेव राणा लिधौरी, अवधेश वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, दशरथ विश्वकर्मा, प्रतीक रामचंद्रानी शामिल रहे। इसके साथ ही टीकमगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सत्तार खान बाबा, बल्देवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अखंड यादव, खरगापुर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र राय, पलेरा ब्लॉक अध्यक्ष सोनू विश्वकर्मा सहित विनोद कुमार साहू, मुन्ना लाल सोनी, ललित दुबे, प्रमोद झा, प्रेम नारायण नायक, विकास राय, सुधीर पटोरिया, लोकेन्द्र सिंह परमार, मोहसिन खान, रवीन्द्र अहिरवार, अलीम खान, प्रमोद अहिरवार, नीरज यादव, पुनीत सागर, अजय कुमार अहिरवार, अनुज श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# पानी बना जहर, बीमारियों का कहर, फैली सनसनी

## आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीण उल्टी-दस्त की चपेट में, उपचार जारी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मिनौरा गांव में दूषित पानी पीने के चलते उल्टी-दस्त का प्रकोप हो गया है। जहां पर उल्टी-दस्त के प्रकोप 50 से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। गांव में उल्टी-दस्त से पीड़ितों की संख्या में इजाफा होता नजर आ रहा है। रोगियों की संख्या एक साथ बढ़ने की जानकारी प्रशासन को लगते ही अधिकारियों में सनसनी फैल गई। बताया गया है कि यहां तत्काल स्वास्थ्य टीम को गांव भेजा गया। गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेरा डाल लिया है। यहा अधिकारियों ने डेरा जमाकर घर-घर बच्चों और बुजुर्गो की जांच की। उन्होंने प्रभावित लोगों का इलाज किया। इस दौरान करीब 50 लोगों का इलाज गांव में किया गया है, जिसमें से 20 पीड़ितों को इलाज के लिए टीम ने जिला अस्पताल रेफर किया, जिसमें से एक मरीज स्वस्थ होकर घर चला गया। बताया गया कि जगह-जगह पाइप लाइन में लीकेज होने से ही दूषित पानी नलों से घरों तक पहुंचा है। गौरतलब है कि मिनौरा गांव में नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई है, जहां पर टंकी के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है। पानी की सप्लाई होने के बाद घरों तक नलों के माध्यम से पानी पहुंचता है। इसी बीच पाइप लाइन में जगह-जगह से लीकेज था और पहली बारिश होने के बाद नालियों में पानी लबालब पहुंचा। नालियों का गंदा पानी मिलकर नलों से सप्लाई हो गया। पानी को पीने के बाद गांव में लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित हो गए। इसके साथ ही नल-जल योजना के लिए खोदे गए बोरबेल के समीप काफी गंदगी जमा थी। बीएमओ के अनुसार गांव में दूषित पानी पीने की वजह से लोग उल्टी-दस्त की चपेट में आए हैं।



***50 रोगियों का हुआ अब तक उपचार -***

शनिवार को ग्राम पंचायत मिनौरा में उल्टी दस्त के प्रकोप से लोग बीमार हुए, तो 20 पीड़ितों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उल्टी-दस्त की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और पूरे ग्राम में घर-घर जाकर सर्वे किया गया। चिन्हित लोगों को आंगनबाड़ी केंद्र में बुलाकर प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद उल्टी दस्त से प्रभावित मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव में घर-घर जाकर स्वास्थ्य टीम सलाह भी दे रही है। इसमें पानी और खानपान को ध्यान रखने के लिए कहा गया। बीएमओ डां शांतनु दीक्षित ने बताया कि फिलहाल स्वास्थ्य टीम गांव में डेरा डाले हुए है, जहां पर 50 से ज्यादा पीड़ितों का उपचार कर उन्हें दवाएं वितरित कीं गईं हैं।

***दूषित पानी ने फैलाई दहशत-***

गांव में उल्टी-दस्त फैलने का मुख्य कारण दूषित पानी का उपयोग बताया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दूषित पानी पीने को मजबूर है। क्योंकि ग्रामीणों को इस पानी के अलावा कोई चारा नहीं है। लोग दूषित पानी का उपयोग करने को मजबूर हैं। बताया गया कि गांव में लगे हैंडपंप के आसपास गंदगी फैली हुई है और पानी भरा हुआ है, जिस कारण ग्रामीण यह दूषित पानी पीने को मजबूर है। बारिश के मौसम में कई गांवों में दूषित जल की सप्लाई हो रही है। कई गांवों में नलजल योजना की पाइप लाइन से गंदा पानी पहुंचा। वहीं बोरबेल के समीप गंदगी पड़ी हुई है, जिसे हटवाया गया और पाउडर का छिड़काव कराया गया।

***उल्टी-दस्त की चपेट में आए रोगी-***

उल्टी दस्त से ग्रस्त मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें लता प्रजापति 29 वर्ष, रामकुमारी राय 24, गेंदा राय 55, राधा वंशकार 65 वर्ष, बाबूलाल अहिरवार 55 वर्ष, सुजान सिंह यादव, लाल सिंह यादव 26 साल सहित अन्य शामिल हैं। वहीं राम किशोर प्यारे लाल राय 44, आरती अहिरवार 16, ऊषा अहिरवार 32 वर्ष, देवराज लक्ष्मण सिंह 22 वर्ष, रिया यादव 8 साल, कस्तूरी बाई विश्वकर्मा 80, नीतू 26, शोभा परमार 34 साल के नाम शामिल हैं। बताया गया है कि इसी प्रकार गुड्डी कुशवाहा 40 साल, दिव्यांश यादव 5 साल, जितेंद्र यादव 23 साल, पानबाई 55 वर्ष, प्रेम बाई 78, सुरेश आदिवासी 28, रचना अहिरवार 26, नेहा अहिरवार 7, पुष्पेंद्र अहिरवार 25 वर्ष सहित अन्य उल्टी-दस्त के रोगियों के नाम शामिल हैं, जिनका उपचार गांव में ही किया गया।

# चालीस करोड़ की लागत से बनाई जा रही सड़क की पुलिया अभी से चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट



ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में सीआरएफ योजना अंतर्गत 40 करोड़ की लागत से सकरिया-गुनौर-डिघौरा मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। जिसमे तकनीकी अधिकारियों की सांठगांठ से ठेकेदार को लाभ पंहुचाने के उद्देश्य से निर्माण कार्य में अमानक सामग्री का उपयोग लगातार किया जा रहा है तथा निर्माण कार्य घटिया एवं गुणवत्ताविहीन चल रहा है। उदाहरण के तौर पर बनाई गई सड़क में पुलिया अभी से छतिग्रस्त हो गई है। उक्त मार्ग के संबंध में लगातार स्थानीय लोगो द्वारा शिकायते भी की जा रही है। जिसको लेकर मुख्यअभियंता सागर द्वारा निरीक्षण भी किया जा चुका है। उसके बावजूद निर्माण कार्य के अमानक मटेरियल में कोई सुधार नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि उक्त कार्य में ठेकेदार रवीशंकर जयसवाल कन्ट्रक्शन कंपनी काम कर रही है। जिसको सत्ताधारी दल के जन प्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त है। इसी लिए कोई कार्यवाही नही हो रही है। ज्ञात हो कि ठेकेदार श्री जयसवाल पन्ना जिले मे लगभग तीन सौ करोड़ के काम मनमाने ढंग से करवा रहें है। स्थानीय लोगो ने बनाई जा रही घटिया पुलियों की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# नगर पालिका द्वारा आठ लाख की राशि से निकलवाई गई बेनी सागर तालाब की जलकुंभी

## ठेकेदार मेड़ पर ही डालकर हो गया रफु चक्कर



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/सरकार द्वारा चलाये जा रहे, नमामि गंगे अभीयान के तहत जल श्रोतो में स्वच्छता अभीयान तथा जल श्रोतो का जल स्तर बढाने की दिशा में लगातार पुराने तलाबो का गहरी करण एवं उनकी साफ सफाई कराई जा रही है। इसी कड़ी में पन्ना जिला मुख्यालय मे स्थित बेनी सागर तालाब की जल कुंभी नगर पालिका द्वारा आठ लाख 24 हजार का ठेका देकर ठेकेदार से निकलवाई गई। जिसमें ठेकेदार द्वारा तालाब के अन्दर के जल कुंभी निकालकर मेंड़ पर ही चारो तरफ ढेर लगा दी, और वह जल कुंभी वहीं पर सड रही है तथा फिर से वर्षात होने पर तालाब में ही समा जायेगी। जिससे फिर जल कुंभी उग आयेगी। जबकी इतनी अधिक राशि ठेकेदार को नगर पालिका द्वारा भुगतान की गई है। उसके बावजूद उक्त जलकुंभी तथा तालाब के कचरा को नहीं हटाया गया तथा मेंड़ पर ही डाल देने से फिर से तालाब में भारी मात्रा में कचरा हो जायेगा एवं जलकुंभी फिर से उग आयेगी। स्थानीय लोगो ने बेनी सागर तालाब की मेंड़ पर चारो तरफ डाली गई जलकुंभी को तत्काल हटाये जाने की मांग की है। आंगे देखना है नगर पालिका तथा ठेकेदार द्वारा कब तक बेनी सागर तालब के चारो तरफ फैली जलकुंभी को हटाया जाता है।

# रेत से भरे भारी वाहनो से लक्ष्मीपुर मुटवा प्रधानमंत्री सड़क गड्ढो मे तब्दील

पन्ना/जिले मे ओवर लोड़ वाहनो के चलतें प्रधानमंत्री तथा अन्य योजनाओ से बनीं ग्रामीण सडको की हालत बदतर कर रखी है। क्योकि उक्त सडको पर छमता से अधिक वजन वाले वाहन चलने से सड़को के परखच्चे उड़ रहें है। प्रधानमंत्री योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो को आवा गमन के उद्देश्य से मुख्य सड़को को जोडना है तथा आम लोगो को सडक मार्ग उपलब्ध कराना है एवं उन्हे एक निश्चित छमता के वाहनो के संचालन से छति न पंहुचे लेकिन वर्तमान समय मे अवैध रेत के कारोबार में ओवर लोड डम्फर चल रहें है। जिनमें चालीस से पचास टन रेत भरकर वाहन निकलते है। जिससे सडको के परखच्चे उड रहे है। इसी प्रकार की स्थिती पन्ना पहाडीखेडा मार्ग मुख्य सडक से देवेन्द्र नगर को जोडने वाले लक्ष्मीपुर, मुटवाकलॉ, विक्रमपुर मार्ग जो रेस्ट हाउस देवेन्द्रनगर के लिए निकलता है, वह मार्ग आम लोगो की सुविधा के लिए बनाया गया था। लेकिन चोरी की रेत लेकर



व्याप्क स्तर पर भारी वाहन प्रतिदिन जिनमें डम्फर, ट्रक, ट्रैक्टर दिन रात धमा चौकड़ी मचा रहे है। उक्त वाहन अजयगढ रेत खदानो से रेत ला कर देवेन्द्रनगर से सतना की ओर जाते है। जिसके चलते उक्त सड़क गड्ढो मे तब्दील हो गई है। पूर्व में उक्त मार्ग के छतिग्रस्त होने को लेकर तत्कालीन कलेक्टर द्वारा भारी वाहन निकलने के लिए प्रतिबंध लगाते हुए दोनो तरफ बेरियल भी लगा दिये गये थें। लेकिन रेत ठेकेदारो के दबाव के चलते कुछ दिन बाद उक्त बेरियल तोड दिये गये थें। स्थानीय लोगो ने भारी वाहनो पर प्रतिबंध लगाने तथा फिर से बेरियल लगाने की मांग की है।

# कलेक्टर ने ग्राम टिकरिया में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में सुनी समस्याएं

## मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में दिए निर्देश

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को पवई अनुविभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़वार के ग्राम टिकरिया पहुंचकर जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी और इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को ग्राम में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनकर सड़क, पानी और बिजली इत्यादि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में भरोसा दिया। इस दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी भी ली और योजनाओं व सुविधाओं के लाभ संबंधी आवेदन प्राप्त कर समय-सीमा में निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर उपस्थित विधायक प्रह्लाद सिंह लोधी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने भी ग्रामवासियों व गांव के हित में हरसंभव सहायता व मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय द्वारा ग्रामीणजनों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं से वंचित ग्राम के लोगों को सुगमतापूर्वक सभी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर द्वारा टिकरिया ग्राम में जनसुविधाओं से बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों के वंचित होने की जानकारी संज्ञान में आने पर शिविर लगाकर समस्या निराकरण के निर्देश दिए गए थे।

# अशोक खरे का दुःखद निधन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के वरिष्ट अधिवक्ता महेवा निवासी अरविन्द खरे के छोटे भाई अशोक खरे का गत दिवस ईलाज के दौरान बनारस मे दुःखद निधन हो गया था। जिनका अतिंम संस्कार पन्ना में किया गया। ज्ञात हो कि अशोक खरे विगत कुछ महिनो से बीमार चल रहें थें। जिनका लगातार उनके बडे भाई अरविन्द खरे द्वारा ईलाज कराया गया। लेकिन वह ठीक नही हो सकें तथा उनका निधन हो गया। श्री खरे के निधन पर जिले के जनप्रतिनिधियों, अभीभाषको, पत्रकारो, साहित्यकारो, गणमान्य नागरिको ने गहन शोक व्यक्त करते हुए म्रत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

# जिले मे संचालित लिस्सु आनदं हायर सेकेन्ड्री विद्यालय पर मनमाने ढंग से किये जा रहे संचालन पर कार्यवाही की मांग

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले मे विगत 25 वर्ष से मिशनरी संस्था द्वारा संचालित लिस्सु आनदं विद्यालय के संचलको द्वारा मनमाने ढंग से विद्यालय का संचालन किया जा रहा है तथा शिक्षा विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन के आदेशो का पालन नही किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया गया था। जिसके द्वारा प्रत्येक निजी विद्यालयों मे पच्चीस प्रतिशत गरीब बच्चो को प्रवेश देने की बाध्यता की गई थी। लेकिन उक्त विद्यालय द्वारा सरकार के उक्त नियम को नही माना जा रहा है। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा बिना शासन के अनुमति के फीस मे बृद्धि न करने तथा किसाबे एवं अन्य सामग्री खरीदने के लिए छात्रो एवं अभीभावको पर दबाव न बनाने के संबंध मे आदेश जारी किये गये थें। उसके बावजूद उक्त विद्यालय द्वारा मनमाने ढंग से फीस बृद्धि की गई तथा अन्य सामग्री भी विद्यालय से खरीदने एवं चिन्हित दुकानो मे उपलब्ध कराने की भी लगातार जानकारीयां मिल रही है। जबकी इसी परिपेक्ष में जबलपुर में कलेक्टर द्वारा अनेक निजी विद्यालय संचालको पर अनिमित्ताओ को लेकर बड़ी कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार की कार्यवाही पन्ना जिले मे होनी चाहीए। उक्त मामले को लेकर कांग्रेस कमेटी अनुसुचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंहं जाटव ने जिला कलेक्टर को आवेदन देकर कार्यवाही करने की मांग की गई है।



# यातायात पुलिस द्वारा अवैध रूप से संचालित बस संचालको के विरुद्ध की गई कार्यवाही

पन्ना/पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशानुसार नगर में संचालित बसों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया गया। जिसमें थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार व यातायात स्टाप द्वारा सत्यम पैलेश व डायमंड चौराहे पर वाहन चैकिंग के दौरान बसों को रोककर उनके बीमा, फिटनेस, परमिट सहित अन्य सभी जरुरी कागजात चैक किये गये। जिन बसों के दस्तावेज पूर्ण नही पाये गये उन पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गयी। सम्पूर्ण अभियान के दौरान कुल 35 वाहन चालकों विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 14 हजार रूपये समन शुल्क बसूल किया गया। थाना प्रभारी यातायात के द्वारा बस मालिकों/चालकों से अपील है की गयी कि, बसों के सम्पूर्ण कागजात जैसे की ड्रायविंग लाइसेंस, फिटनेस, परमिट, बीमा आदि सभी जरुरी दस्तावेज आवश्यक रुप से अपने साथ रखें।

# वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर सिंग्रामपुर में संस्कृति विभाग के द्वारा आयोजन

राजकुमार दुबे

***परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। अमर शहीद वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस के अवसर पर जबेरा विधानसभा के रानी दुर्गावती खेल मैदान सिंग्रामपुर में श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) मध्य प्रदेश शासन जी के निर्देशन में संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसकी तैयारियां और व्यवस्था जोरों पर है तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।***



सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्वातंर्त्य समर त्रिलोक नायक का जीवन और अवदान 24 जून 2024 सायं 5.00 बजे से ,लोक गायन श्री जानकी बैंड जबलपुर, नृत्य नाटिका वीरांगना रानी दुर्गावती, चित्र प्रदर्शनी वीरांगना रानी दुर्गावती आधारित दोप.1 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12ः00 बजे से होगा जिसमें राज्य मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि जनों की उपस्थिति रहेगी।

# राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित और माझी समाज के वरिष्ठ रामबहोर वर्मा के निधन से प्रदेश भर में शोक की लहर व्याप्त

## निषादराज माझी समाज सेवा समिति ने किया शोक व्यक्त

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। माझी समाज के प्रखर योद्धा राष्ट्रपति पदक से सम्मानित रामबहोर वर्मा जी अपने परिवार के साथ मैहर जा रहें। जिनकी गाड़ी अचानक बहक गई जिस कारण गाड़ी डिवाइडर से टकराई जिसमें में घटना स्थल पर ही राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित और माझी समाज के वरिष्ठ रामबहोर वर्मा का दुखद निधन हो गया जबकि उनके परिवार के अन्य लोग घायल हुए हैं। जिनका इलाज जबलपुर अस्पताल में चल रहा है। निषादराज माझी समाज सेवा समिति मध्यप्रदेश की संरक्षक शकुंतला रायकवार ने माझी समाज के वरिष्ठ रामवहोर वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि वहोर जी के निधन से संपूर्ण माझी समाज को गहरी क्षति लगी है। ईश्वर शोकाकुल परिवार को इस गहरे दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें और घायल लोग शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ मिले। समाज के संरक्षक हरगोविंद रायकवार ने कहा है वर्मा जी के निधन से समाज में शोक की लहर है स्वर्गीय श्री वर्मा जी के द्वारा दी गई समाज की ऊर्जा को माझी समाज सदैव याद रखेगा। समाज के प्रचार मंत्री हरदयाल रायकवार और समाज के युवा नेता अंश बाथम ने संपूर्ण माझी समाज की और से पुष्प अर्पित कर इस दुःख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ संपूर्ण माझी समाज खड़ी हुई है। घायल परिजनों के लिए हमारी समिति निगरानी रखी हुई है। सभी के जल्द स्वस्थ लाभ की ईश्वर से प्रार्थना की है।



शोक सभा का संचालन निषादराज माझी समाज सेवा समिति मध्यप्रदेश के महामंत्री संतोष रायकवार के द्वारा किया गया। और आभार प्रदेश उपाध्यक्ष मोंटी रायकवार ने व्यक्त करते हुए कहा है कि इस दुःख की घड़ी में जो संबल शोकाकुल परिवार को समाज ने दिया है। दुःख की घड़ी में प्रदेश भर से जो शोक संवेदना व्यक्त की है। उन सभी का आभार व्यक्त करते हैं कि आप सभी समाज के साथ खड़े हुए हैं। इस दौरान समाज की वरिष्ठ निषादराज माझी समाज सेवा समिति की संरक्षक शकुंतला रायकवार मूलचंद रायकवार रामकृष्ण रायकवार राकेश वर्मा, समाज की प्रदेश अध्यक्ष पार्वती सोंधिया समाज के महामंत्री संतोष रायकवार प्रदेश उपाध्यक्ष मोंटी रायकवार,कोषाध्यक्ष नारायण रायकवार, समाज के वरिष्ठ हरगोविंद रायकवार, हरदयाल रायकवार,एलपी सिंधिया,सतीश रायकवार, महेश बाथम,राजेंद्र रायकवार, डॉक्टर शशिकांत रायकवार ,मंजू रायकवार,कविता रायकवार ,रजनी रायकवार,नीता बाथम ,रेणु बाथम मनीषा रायकवार,भोपाल गोवर्धन रायकवार, दिलीप रायकवार, मनोज रायकवार, उमाशंकर रायकवार, विनोद रायकवार सागर, राकेश धुरिया, मोंटी रायकवार, राकेश रायकवार,पैलू रायकवार प्रहलाद रायकवार दमोह, निर्मल रायकवार बीना,जयंती रायकवार गंजबासौदा,आशीष रायकवार, महेश सोंधिया, रमेश रायकवार, गिरधारी रायकवार कटनी, भूमा रायकवार, रोहित रायकवार, सेवक रायकवार जबलपुर, महेश केवट आनंद रायकवार निवाड़ी, गोपाल काडा, मुकेश रायकवार, ओमप्रकाश रायकवार आजाद अरविंद रायकवार, आजाद नीरज रायकवार टीकमगढ़, दिलीप रायकवार, आशीष रायकवार छतरपुर,राजेश रायकवार,ज्योति रायकवार नर्मदापुरम ,एस एल रायकवार इटारसी,एम के वर्मा इंदौर।

# कलेक्टर श्री कोचर ने सभी किसान भाई और दमोह जिले के नागरिकों से मौसम ऐप डाउनलोड करने किया आग्रह

## -इस एप में आप पाएंगे मौसम के बारे में सही और सटीक जानकारी

## -बारिश के बारे में सही जानकारी मिलने से खेतों में बुआई की तैयारी होगी आसान

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सभी किसान भाई और दमोह जिले के आम नागरिक से मौसम ऐप डाउनलोड करने आग्रह किया। उन्होंने कहा इस एप में आप पाएंगे मौसम के बारे में सही और सटीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही बारिश के बारे में सही जानकारी मिलने से खेतों में बुआई की तैयारी आसान होगी।

उन्होंने बताया सर्व-प्रथम गूगल प्ले स्टोर पर जाये और मौसम आईएमडी (mausam imd) टाईप करे। उसके बाद इंस्टाल (install) बटन पर क्लिक करे। इसके बाद लोकेशन परमिशन (location permission)की अनुमति एवं अन्य प्रदान करे। इसके बाद हिंदी भाषा का चयन करे। इसके बाद आपके जिले के निम्न लिखित जानकारी प्रदर्शित हो जायेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया इस एप के माध्यम से वर्तमान तापमान, मौसम मे आद्रता, हवा की गति एवं दिशा एयर क्वालिटी इंडेक्स की भी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

# अतिक्रमण पर चला चेयरमैन का बुलडोजर

## नालियों से अतिक्रमण हटाकर कराई गई साफ सफाई



राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। नगर के प्रमुख हृदय स्थल गांधी चबूतरा के पीछे एवं आसपास दुकानदारों द्वारा नालियों के ऊपर पक्का चबूतरा बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था जिसके चलते नालियों की सफाई भी नहीं हो पा रही थी तथा आवागमन भी अवरुद्ध हो रहा था जिसके बाद आज नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार ने स्वयं उपस्थित रहकर जेसीबी मशीन से नालियों का अतिक्रमण हटाया और नालियों की साफ सफाई कराई। आपको बता दें कि गांधी चबूतरा के पास दुकान के आगे बनी नालियों की सफाई नहीं होने से नालियों का गंदा पानी सड़क पर आ रहा था तथा नालियों के ऊपर अतिक्रमण कर चबूतरा बने होने से नालियों की सफाई भी नहीं हो पा रही थी जिससे गंदगी एवं बीमारियों के फैलने का डर था जिसको देखते हुए आज नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार ने अपने नगरीय निकाय के सफाई अमले के साथ सभी दुकानदारों से निवेदन करते हुए नालियों के ऊपर बने चबूतरे को हटाने का आग्रह किया और जिनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया वहां पर नगर परिषद की जेसीबी चलाकर नालियों के ऊपर बना अतिक्रमण हटाया इसके बाद नालियों की सफाई कराई गई। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी मशीन चलने के बाद अधिकांश दुकानदारों ने स्वयं अपने चबूतरे हटाना प्रारंभ किये और नालियों की सफाई में नगर परिषद का सहयोग किया।अतिक्रमण हटाने के बाद नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार ने समस्त दुकानदारों से कहा कि आप लोग नालियों के ऊपर पक्का अतिक्रमण न करें केवल एक लोहे की जाली बनाकर रख लें ताकि आपके ग्राहकों को भी असुविधा न हो और नगर परिषद की सफाई कामगारों को नालियों की सफाई करने में भी असुविधा न हो। श्री अहिरवार ने कहा कि आपकी दुकान के आगे नालियों पर यदि लोहे की जाली रखी होगी तो हमारे सफाई कामगार प्रतिदिन जाकर नालियों की सफाई करेंगे जिससे आपके दुकान के आगे ना ही गंदगी रहेगी और ना ही किसी तरह की बीमारी फैलने का डर रहेगा।

***पार्क का किया निरीक्षण गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश***

नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार ने तिगेला बायपास रोड पर बन रहे सुंदर पार्क का निरीक्षण किया तथा पार्क का निर्माण कर रहे ठेकेदार को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए निर्देशित किया। पार्क का निरीक्षण करते हुए श्री अहिरवार ने बताया कि जिस तरह से बाइपास तिराहे पर सुंदर पार्क बन रहा है इससे नगर की सुंदरता में चार चांद लगेंगे। अध्यक्ष श्री अहिरवार ने बताया की गलियों में सीसी सड़क एवं नालियों का निर्माण तो रूटीन प्रक्रिया है जो निरंतर नगर में चल रहे है इसके साथ-साथ अब नगर को सुंदर और आकर्षक बनाने का भी काम नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है जिसके तहत अंबेडकर तिराहे पर एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है और अब तिगेला बाईपास पर भी एक सुंदर पार्क का निर्माण किया जा रहा है और अब नगर को सुंदर बनाने के लिए बड़े तालाब पर एवं स्टेशन रोड पर भी पार्क का निर्माण किया जाएगा।

# विधायक ने रखी ओरछा को वायु मार्ग से जोड़ने की मांग

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेश के सभी पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कार्य योजना बनाई जा रही है जिसके तहत सभी पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों को आकर्षक एवं भव्य बनाया जाना है इसके साथ-साथ धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों पर पहुंचने के लिए सड़क रेल एवं वायु मार्ग की भी सुविधा प्रदान की जा रही है और इसी कार्य योजना को लेकर बीते रोज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा सभी जिले में अपने विधायक अपने संगठन के प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा की जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से चर्चा करते हुए विधायक अनिल जैन ने कहां की 22 जनवरी को आपके ओरछा आगमन पर ओरछा को वायु मार्ग से जोड़े जाने की बात कही गई थी जिसके बाद कई धार्मिक स्थलों को वायु मार्ग से जोड़ा गया है जिसके चलते अब विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी ओरछा को भी वायु मार्ग से जोड़ा जाए। विधायक श्री जैन की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि ओरछा को भी वायु मार्ग से जोड़ा गया है और क्रमबद्ध तरीके से सभी धार्मिक स्थल वायु मार्ग से जोड़ दिए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन सांसद प्रतिनिधि राजेश पटेरिया भाजपा के जिला अध्यक्ष अखिलेश अयाची महामंत्री रोहिन राय मंगेश रामपुरिया मुकेश दांगी सहित अन्य जिले के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



# जमीन का सीमांकन करने के लिए कलेक्टर को दिया आवेदन

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला निवाड़ी के नगरीय क्षेत्र तरीचर कला निवासी शिवदयाल नाथूराम मुन्नालाल गोविंदी मोतीलाल गुलाब जानकी बालचंद मिथिलेश सहित अन्य निवासियों ने कलेक्टर को आवेदन देकर जमीन का शीघ्र सीमांकन कराए जाने की मांग की है। आवेदन में बताया गया कि हम सभी प्रार्थी पिछले लगभग तीन वर्षों से जमीन का सीमांकन के लिए पटवारी और राजस्व निरीक्षक के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन पटवारी और राजस्व निरीक्षक द्वारा हमारी भूमि खसरा नंबर 106/2/5 एवं 109 /2 का सीमांकन आज तक नहीं किया जा रहा है हम लोग कई बार पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक से मिलकर जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन दे चुके हैं लेकिन पटवारी और राजस्व निरीक्षक द्वारा कुछ ना कुछ बहाने बनाकर सीमांकन को टाला जा रहा है। आबेदको ने कलेक्टर को आवेदन देकर जमीन का शीघ्र सीमांकन कराए जाने की मांग की है।

# संभागीय बैठक में विधायक संजय पाठक ने विजय राघवगढ़ विधानसभा के विकास कार्यों के लिए भेजे प्रस्ताव, सतत विकास लक्ष्य के लिए 400 करोड रुपए होंगे खर्च

**मनोज सिंह**

परिहार गर्जना कटनी -जबलपुर में संपन्न हुई संभागीय बैठक में विजय राघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने विधानसभा के लिए जनहित से जुड़े विकास कार्यों के लिए अनेकों प्रस्ताव भेजे हैं जिसके तहत सतत विकास लक्ष्यों के लिए लगभग 400 करोड रुपए के प्रस्ताव बनाकर उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से यह प्रस्ताव भेजे गए हैं। संभागीय आयुक्त की बैठक में सिंचाई ,उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं हेतू हॉस्पिटल के विस्तार के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपकेन्द्र के निर्माण ,उन्होंने कैमोर में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बरही में शासकीय कृषि विज्ञान महाविद्यालय,विजयराघवगढ़ में संगीत महाविद्यालय, बंजारी में संस्कृत महाविद्यालय सहित बरही में शासकीय महाविद्यालय में संकायों में वृद्धि के प्रस्ताव ,विद्युत उपकेंद्र की स्थापना ,पर्यटन स्थलों के विकासग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों के साथ ही लोकनिर्माण विभाग की अनेकों सड़कों के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजे हैं। उन्होंने अलग अलग विभागों के प्रस्ताव दिए है।



***जलसंसाधन विभाग से***

विधानसभा के गैरतलाई क्षेत्र में खेतों तक सिंचाई के पानी पहुंचाने के लिए 79.85 करोड की स्कीम,कलहरा माइक्रो एरिगेशन स्कीम,खितौली जलाशय,जगुआ जलाशय, खितौली काजवे स्टाप डेम निर्माण, निर्माणाधीन नर्मदा नहर से विजयराघवगढ़ विकासखंड में सिंचाई परियोजना।

***विद्युत विभाग से***

जंगल पुरैनी में विद्युत सब स्टेशन को स्थापना,इटौरा एवं पिपरियाकलां (परसवारा),खितौली में नवीन विद्युत उपकेंद्र की स्थापना।

***उच्च एवं तकनीकी शिक्षा***

बरही में शासकीय कृषि महाविद्यालय की स्थापना, कैमोर में शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय की स्थापना, बंजारी में शासकीय संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना, विजयराघवगढ़ में शासकीय संगीत महाविद्यालय की स्थापना,बरही शा.महा.वि.में स्नातकोत्तर के कला और वाणिज्य संकायों में पदों की स्वीकृति, एमएससी/सीएस, समाजशास्त्र एवं इतिहास विषय की कक्षा लगाने महाविद्यालय परिसर में ऑडिटोरियम एवं खेल परिषद निर्माण, ई लाइब्रेरी हेतु 50 कंप्यूटर, भूगोल विभाग में प्रयोगशाला एवं यंत्र की व्यवस्था इसके साथ ही विधानसभा के 18 हाई स्कूल मोहास,खलवारा बाजार कैमोर,कन्या स्कूल विजयराघवगढ़,नंनवारा कला, गुड़ेहा, डोकरिया, पंड्खुरी, चरी, बम्हौरी, खिरवा नंबर दो,उबरा,चपना, जमुवानी कला, गुहावल, खड़खरी अंबुवारी, राजारवाड़ा नंबर 1 का हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन के साथ ही सलैया कोहरी में हाई स्कूल के उन्नयन के साथ सुरमा में नवीन हाई स्कूल निर्माण के प्रस्ताव दिए हैं।

***स्वास्थ्य विभाग से कार्य***

विजयराघवगढ़ अस्पताल को 60 बिस्तरों से शौक करने हेतु ग्राम खतौली में नवीन 30 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण हेतु ग्राम करेला में उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापना ग्राम पंचायत बरन महगवां में उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापना।

***लोक निर्माण विभाग***

कटनी नदी पर मुंहास से घुनसुर के बीच नवीन सड़क निर्माण के साथ नदी पर पुल निर्माण, ग्राम कलहरा से मुख्य सड़क तक सड़क निर्माण, सिजहरा से बरन महगवां कुदरेही पहुंच मार्ग, ग्राम कारी तलाई बासौदा से गुडेहा पहुंच मार्ग निर्माण, सलैया कोहारी से कैमोर पहुंच मार्ग, देवरा कला संगवारा रोड से जटवारा होते हुए बनिगवां पहुंच मार्ग, जीवरा गोइंद्रा रोहनिया पहुंच मार्ग, हरदुआ कला पड़खुरी मार्ग निर्माण, संगवारा से अंमुवारी पहुंच मार्ग, नंनवारा कला से गौराहा पहुंच मार्ग, टिकरिया से सिंघवारा होते हुए देवरा कला, देवसरी इंदौर पहुंच मार्ग, सलैया सिहोरा से ताली रोहनिया, कुआं से कुठिया महगवां पहुंच मार्ग,परी खतौली मार्ग पर टेढ़ी पुलिया से ऊटीन टोला हदरहटा सलैया सिहोरा पहुंच मार्ग, ग्राम खिरहनी से प्रधानमंत्री सड़क पहुंच मार्ग, ग्राम करौंदी खुर्द से बिचपुरा होते हुए जाजागढ़ पहुंच मार्ग, ग्राम खतौली पहुंच मार्ग से नहर के किनारे होते हुए बम्होरी पहुंच मार्ग, ग्राम बरमानी से नगमा होते हुए जगुआ पहुंच मार्ग सहित आदि सड़कों के प्रस्ताव दिए।

## बरही सुंदरता के नाम पर भ्रष्टाचारियों की बल्ले बल्ले,बरही में हुए करोड़ों के सौंदर्यीकरण विकास कार्य और चढ़ गया भ्रष्टाचार कि भेंट,दूसरे तालाब को सुंदर बनाने कि कवायद शुरु,निर्माण कार्यों में ठेकेदार काट रहे चांदी



परिहार गर्जना कटनी - बरही नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका पानी की तरह पैसा बहा रही है लेकिन चीजों का रखरखाव ढंग से ना होने के कारण नगर को सुंदरता का ग्रहण तो लग ही गया है साथ में शासन को भी नुकसान झेलना पड़ रहा है। जी हां हम बात कर रहे हैं कटनी जिला के बरही नगर में पुराना तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य हुआ है लेकिन इसके अलावा ठेकेदार द्वारा तालाब के अगल बगल बाउंड्री बनाई गई लेकिन वर्तमान में अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली के कारण निर्माण कार्य अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है आप तस्वीरों में नगर परिषद के द्वारा सुंदर बनाये गए तालाब देख सकते हैं किस तरह शासन के पैसों का बंदरबांट किया गया है ।

गौरतलब है कि ठेकेदार के द्वारा जो भी तालाब सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है वो भ्रष्टाचार कि भेंट चढ़ गया है गुणवत्ता का खयाल नही रखा गया घटिया किस्म का मैटेरियल उपयोग कर काम किया गया है। तालाब के चारो ओर बाउंड्री बनी हुई है वो बाउंड्री अभी से ही नष्ट होने लगी है इसके अलावा टूटी फूटी हुई चीपें लगी हुई है तालाब समीप जो सड़कें बनाई गई उन सड़कों कि यह स्थिति है कि सड़क गिट्टियों में तब्दील हो चुकी है मसाला दिख ही नही रहा शिवाय गिट्टी के अभी विगत दिनों ही तालाब समीप बनी सड़क में पेंच लगाया गया जिसमे बताया जा रहा है कि नगर वासियों के द्वारा इसका पुरजोर विरोध करने के बाद नगर परिषद बरही के द्वारा ठेकेदार को निर्देशित कर बीचों बीच दरार पड़ी सड़क में मसाला डलवाया गया है वो भी नाममात्र के लिए कहा जा रहा है कि नाम बस हो गया है कि सड़क का सुधार कार्य करवा दिया गया है बता दें कि तालाब सौंदर्यीकरण का कार्य सुरु होते ही भ्रष्टाचारी का मसाला पड़ना चालू हो गया था जिसका पूर्व में भी जागरुकों द्वारा विरोध जताया जा चुका है जिस पर ठेकेदार को नोटिस पर नोटिस जारी हो चुके थे यहां तक कि भुगतान भी रुका हुआ था जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि अभी भी ठेकेदार का कुछ भुगतान पेंडिंग है और जहां जहां कमियां है और शिकायतें सामने आ रही है उसको लेकर सुधार कार्य किया जा रहा है हालांकि तालाब समीप बनी सभी सड़कों कि धज्जियां उड़ चुकी है एक को थिगड़ा लगाकर ढंकने का काम किया जा चुका है । इसके बावजूद भी दो तीन स्थलों पर सड़को में दरारें आ चुकी है अब देखना यह बाकी होगा इनको लेकर नगर परिषद बरही के नवागत प्रभारी सीएमओ क्या एक्शन लेते हैं या फिर ठेकेदार के बताए अनुसार बिल में हस्ताक्षर किए जाते हैं नगर में एक चर्चा जोरो पर है कि एक तालाब के विकास कि ये कहानी है और दूसरे तालाब को सुंदर बनाने कि कवायद सुरु हो गई शायद जिसके लिए टेंडर भी पास हो चुका है नगर के ही बहुचर्चित ठेकेदार के करकमलों से तालाब का उद्धार होगा बहरहाल नगर वासियों के द्वारा नगर परिषद बरही में हुए मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत विकास कार्यों कि जिला स्तरीय जांच की मांग की जा रही है।

## नगर पालिक निगम कटनी राम जानकी हनुमान वार्ड,रोशन नगर की जनता के बीच पहुंची महापौर प्रीति सूरी,वैकल्पिक व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों को दिये निर्देश

परिहार गर्जना कटनी - नगर निगम सीमांतर्गत राम जानकी हनुमान वार्ड के रोशन नगर में महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा विभिन्न गलियों में पैदल भ्रमण कर लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना जिसमें नाली निकासी ना होने से जलभराव,साफ़ सफाई, अव्यवस्थित बिजली की तारें,अतिक्रमण इत्यादि बताया गया,रोशन नगर की महिलाओं के समूह द्वारा महापौर को सभी परेशानियो से अवगत कराया गया जिस पर महापौर सूरी द्वारा रोड में



गड्ढे भरने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए डस्ट डालने एवं साफ़ -सफ़ाई हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए साथ ही महिलाओं को आस्वशित किया कि चूकीं यह क्षेत्र अभी वैध हुआ है,विकास कार्य प्रत्येक वार्ड में हो रहे है जिससे सभी जगह एक समय में कार्य होना संभव नहीं है सभी धैर्य रखें आगामी वर्षों में सभी वार्ड के नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण अवश्य किया जाएगा। स्थानीय पार्षद रागनी मनोज गुप्ता द्वारा स्वास्थ लाभ लेने के कारण पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता द्वारा भ्रमण कराया गया,इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी,पार्षद सीमा श्रीवास्तव,पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता,उपयंत्री जेपी बघेल एवं स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

## पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत लोगों को किया जागरुक,राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने में किया गया सहयोग

परिहार गर्जना कटनी - शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में पोलियों दिवस के अवसर पर रविवार 23 जून को लगाए गए विशेष शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया गया। जिसके तहत स्वयंसेवकों द्वारा दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार नारे के माध्यम से अपने आस पास के लोगों को उनके घर परिवार में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु जागरूक किया गया साथ ही पोलियों खुराक पिलाने हेतु बनाएं गए बूथों पर पहुंचकर पोलियो की खुराक पिलाने में सहयोग किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद सिंह ने बताया कि वर्तमान में भारत पोलियो मुक्त है लेकिन कुछ देशों में पोलियों अभी भी है और फिर लौट सकता है अपने बच्चों की सुरक्षा में हमसे कोई चूक न होने पाएं इसलिए पोलियों की खुराक हर बार पिलाएं और पोलियों पर अपने देश की जीत को बरकरार रखने में सभी देशवासी अपना योगदान दें। पोलियो उन्मूलन अभियान में महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवको द्वारा बढ़ चढ़कर सहयोग किया गया।



# ग्राम गुरसारी में हुआ खूनी संघर्ष, आधा दर्जन लोग घायल, दो दिल्ली रेफर

-आरोपी राजीनामा नही करने पर दे जान से मारने की धमकी
-अपनी जमीन जोतने खेत पर पहुंचे थे यादव बंधु
-थाना गढ़ीमलहरा पुलिस ने 6 आरोपियों पर 307 सहित कई धाराओं पर मामला दर्ज किया
-आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए एसपी को दिया आवेदन, आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार







छतरपुर। जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुरसारी में खूनी संघर्ष को बड़ी बारदात सामने आई है। फरियादी संदीप यादव ने एसपी को दिए आवेदन में बताया की उन्होंने अपनी जमीन का सीमांकन कराया था जो तहसीलदार महाराजपुर के द्वारा अपनी उपस्थिति एवं पुलिस बल की उपस्थिति में कराया गया था और मौके पर कब्जा दिलाया गया था, उसके बाद ही 20 जून को जमीन जोतने के लिये गये तो आरोपीगण सुरेश यादव, चरन यादव, अर्जुन बादव, सुल्तान चादव, गजराज यादव एवं महेश चादव के द्वारा लाठी एवं कुल्हाडियों से जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने महिला एवं पुरुषों पर तबड़तोड़ हमला कर दिया और मृत समझकर भाग गए। जिसमें से पुष्पेन्द्र एवं सुनीता की हालत ज्यादा गंभीर होने से उन्हें इलाज हेतु जिला चिकित्सालय से ग्वालियर रेफर किया गया था जो ग्वालियर से दिल्ली रेफर हो गए है क्योंकि दोनो की हालत ज्यादा गंभीर बनी हुई है।

**आरोपी फरार पीड़ितों को मिल रही धमकी**

आरोपीगण शिकायत कर्ता एवं उनके परिवारजनों को यह धमकी दे रहे है कि यदि तुमने केस में राजीनामा नहीं किया या हमारे खिलाफ कोई कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के पास की तो तुम्हे जाने से हाथ धोना पड़ेगा एवं यह भी धमकी दी कि हमारी राजनैतिक पहुंच है तुम राजीनामा नहीं दोंगे तो भी हम राजनैतिक प्रभाव से धारा 307 करवा देगे तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो।

यह कि आरोपीगण की मारपीट से प्रार्थीगण के परिवार के कुल सात सदस्य घायल हुऐ है जिनमें से दो का इलाज दिल्ली में चल रहा है जो बेन्टीलेटर पर है एवं शेष संदीप यादव, विक्रम यादव, कुलदीप यादव, अंगद यादव एवं नारायण सिंह यादव जिला चिकित्सालय में इलाजरत है। आरोपीगण को शीघ्र गिरफ्तार करवाया जाये नहीं तो वह आवेदकगण एवं उनके परिवारजनों के साथ कोई अप्रिय वारदात घटित कर सकते है। जानलेवा हमले के फरार आरोपियों द्वारा राजीनामा का दबाव बनाये जाने व मना करने पर जान से मारने की धमकी दिये जाने तथा धारा-307 राजनैतिक प्रभाव से कटवाये जाने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 341,294,323,324,307,506,34 ताहि. का कायम कर विवेचना में लिया है।

# एमसीबीयू में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बीएससी ऑनर्स हेतु प्रवेश परीक्षा सम्पन्न



छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ,छतरपुर में इस सत्र से शुरू हो रहे बी.एस-सी.ऑनर्स कृषि में प्रवेश लिए रविवार को चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी एवं कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस नए पाठ्यक्रम में 60 सीटों पर प्रवेश हेतु छात्रों ने परीक्षा दी। मीडिया प्रभारी डा. एसपी जैन के मुताबिक प्रवेश परीक्षा का आयोजन आज 23 जून रविवार को यूनिवर्सिटी कैंपस के एकमात्र परीक्षा केंद्र में सुबह 10 से 12 बजे के बीच किया गया। अभ्यर्थियों ने ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा से दी। यूनिवर्सिटी प्रशासन तथा परीक्षा समिति ने इस परीक्षा में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक डिवाइस, स्मार्ट वॉच आदि लाने पर सख्त रोक लगा रखी थी, जिसका असर भी देखने को मिला। इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु यूनिवर्सिटी की परीक्षा नियंत्रक डा ममता बाजपेई ने प्राध्यापकों की एक समिति बनाई थी।इस समिति का परीक्षा अधीक्षक डा अर्चना चौहान को, सहायक अधीक्षक डा अशोक निगम एवं डा पीएल प्रजापति को बनाया गया था। परीक्षा कार्य में सहयोग हेतु समिति के साथ कर्मचारियों को भी संलग्न किया गया। कृषि संकाय संचालन समिति के सदस्य डा केके गंगेले ने बताया कि बी.एस-सी.(आनर्स) कृषि की 60 सीटों पर प्रवेश हेतु 556 छात्रों ने आवेदन किया था। रविवार को हुई प्रवेश परीक्षा में 490 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए, जबकि 66 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# सर्पदंश से युवक की मौत

बड़ामलहरा । पुलिस अनुविभाग के घुवारा नगर के वार्ड क्रमांक पन्द्रह में निवासरत बबलू कुशवाहा (40) वर्ष की शनिवार रविवार की दरम्यानी रात सांप के डसने से मौत हो गयी । घटना के संबंध मे मृतक के बड़े भाई नथुआ कुशवाहा ने बताया कि छोटा भाई बबलू कुशवाहा(49) वर्ष जो कि घुवारा नगर के वार्ड नंबर 15 मे रहता था गुजरी रात अपने घर पर सो रहा था तभी उसे जहरीले सांप ने गले मे काट लिया । जिसे इलाज के लिए आनन फानन में घुवारा एवं वहां से टीकमगढ़ अस्पताल ले गए ।किन्तु उसे बचा नहीं पाये एवं उसकी मौत हो गयी ।घुवारा चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर सी एच सी बड़ामलहरा में पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया ।

# भाजपा जिला अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की

## डॉ. मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे - चंद्र भान सिंह गौतम

छतरपुर 23 जून। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिले की सभी बूथों पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया ।

के जिला अध्यक्ष चंद्र भान सिंह गौतम ने कहा कि देश के लिए अपना बलिदान देने वाले वीर महापुरूष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के श्री चरणों में आज मध्यप्रदेश भाजपा का हर कार्यकर्ता श्रद्धासुमन अर्पित करता है। आज ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे।

उन्होंने ही भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी, वही जनसंघ आज विश्व के सबसे बड़े व सर्वव्यापी राजनैतिक दल भाजपा के रूप में आप सबके सामने है। डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेता है। भाजपा जिला अध्यक्ष चन्द्र भान सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई जयंती के दिन तक एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूं कि सभी कार्यकर्ता एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी मां के नाम से एक पेड़ लगाएं। यह अभियान प्रदेश संगठन के निर्देशन में 6 जुलाई तक चलाया जाएगा।





***जिले के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन***

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी बूथों पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को श्रद्धासुमन अर्पित किए। भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने जिले के सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर डॉ. मुखर्जी को याद किया।

***डीसेंट इंग्लिश स्कूल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया***

आज दिनांक 23 जून को भारतीय जनता पार्टी ने जिला छतरपुर में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर डीसेंट इंग्लिश स्कूल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ मुखर्जी के कार्यों और व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उनके बलिदान को याद किया गया।इस अवसर पर डीसेंट इंग्लिश स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री चंद्रभान सिंह गौतम, श्रीमती ज्योति चौरसिया नगर पालिका अध्यक्ष, श्री पप्पू चौरसिया, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व डीसेंट इंग्लिश स्कूल के प्रबंधक श्री अशोक दुबे व श्रीमती मयूरी दुबे के साथ भाजपा के अनेक गणमान्य नेता, स्कूल के प्राचार्य श्री राजीव जैन, संयोजिका श्रीमती श्रद्धा नगाइच, सुश्री साक्षी गुप्ता, श्रीमती मधु अग्रवाल, श्री विशाल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व अन्य स्टाफ तथा बच्चों के अभिभावक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।सभा में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कार्यों पर जिला अध्यक्ष श्री चंद्रभान सिंह गौतम ने प्रकाश डाला और इस अवसर पर पूरे जिले में वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डीसेंट इंग्लिश स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में 11 वृक्ष लगाकर जन मानस को एक संदेश दिया गया और आवाहन किया गया कि आगामी जुलाई के प्रथम सप्ताह तक इस कार्यक्रम को पूरे देश में संचालित किया जाए और प्रधानमंत्री महोदय के कथन, एक वृक्ष मां के लिए, को कार्य रूप किया जाए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री अशोक दुबे ने कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय का स्वागत किया और विद्यालय परिवार की ओर से इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को जिला स्तर पर ले जाकर सफल बनाने का संकल्प किया। भारत माता की जय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे के उदघोष के साथ इस कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321